शिंक्षा का अधिकार

समग्र शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

# राज्य शिक्षा केन्द्र

पुस्तक भवन, बी–विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल–462 011
दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95 फैक्स : 2552363, 2760561

**क्रमांक/राशिके/NMMSS/2026/411** **भोपाल दिनांक 20-2/2026**

**प्रति,**

1. **आयुक्त**
   **लोक शिक्षण संचालनालय**
   **भोपाल (म.प्र.)**
2. **आयुक्त**
   **आदिम जाति कल्याण विभाग**
   **सतपुड़ा भवन, (म.प्र.)**
3. **सहायक आयुक्त**
   **क्षेत्रीय कार्यालय**
   **केन्द्रीय विद्यालय संगठन**
   **KVGCF स्टेट जबलपुर, (म.प्र.)**
4. **सहायक आयुक्त**
   **कार्यालय केन्द्रीय विद्यालय संगठन**
   **अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)**
5. **उपनिदेशक, 135-ए, DRM RD- अलकापुरी होशंगाबाद रोड भोपाल (म.प्र.)**
6. **प्राचार्य,**
   **क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान**
   **श्यामला हिल्स, भोपाल**
7. **जिला शिक्षा अधिकारी**
   **समस्त जिले (म.प्र.)**

AC(SD)
25/2/26

**विषय:- राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज देहरादून के लिए प्रवेश परीक्षा 07 जून 2026 हेतु प्रेस विज्ञप्ति का प्रकाशन।**

राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज देहरादून के लिए प्रवेश परीक्षा दिनांक 07 जून 2026 को आयोजित की जा रही है। कृपया इस परीक्षा के विज्ञापन की प्रति (संलग्न) अधीनस्थ विद्यालयों में प्रसारित करने का कष्ट करें।

**संलग्न:- विज्ञापन की प्रति**

18/2/26
(हरजिंदर सिंह)
संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल

सरोज
26/2/26

केन्द्रीय विद्यालय संगठन जबलपुर संभाग
डायरी क्र. 3187
दिनांक 25/02/2026
डायरीकर्ता हस्ताक्षर

स्कूल शिक्षा विभाग
राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् (म.प्र.)
राज्य शिक्षा केंद्र
पुस्तक भवन, बी-विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011
दूरभाषः (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95 फैक्स: 2552363, 2760561

क्रमांक/राशिके/NMMSS/2026/412 भोपाल दिनांक 20/02/2026

## राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून प्रवेश परीक्षा जून 2026

1. राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून, रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला अंतः सेवा शिक्षण संस्थान है यह कॉलेज 1922 में स्थापित हुआ था और इसका प्रमुख लक्ष्य छात्र एवं छात्राओं को सम्पूर्ण शिक्षा प्रदान करना है।
2. राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून में आठवी कक्षा में प्रवेश पाने के लिए छात्र एवं छात्राएं दोनों आवेदन करने के पात्र हैं। प्रवेश केवल आठवीं कक्षा में ही होता है। जनवरी 2027 के सत्र में प्रवेश के लिए परीक्षा, देश के चुनिन्दा शहरों में 07 जून 2026 (रविवार) को आयोजित की जाएगी।
3. <u>आयु सीमा.</u> जनवरी 2027 सत्र में प्रवेश पाने के लिए उम्मीदवार की आयु 01 जनवरी 2027 को $11\frac{1}{2}$ वर्ष से कम और 13 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए अर्थात् उम्मीदवार का जन्म 02 जनवरी 2014 से पहले और 01 जुलाई 2015 के बाद नहीं होना चाहिए।
4. **<u>शैक्षिक योग्यता-</u>** राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून के जनवरी 2027 सत्र में प्रवेश के समय अर्थात् 01 जनवरी 2027 को किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से सातवीं कक्षा में अध्ययनरत या सातवीं कक्षा पास किया होना जरूरी है।
5. **परीक्षा की रूपरेखा** -परीक्षा की रूपरेखा इस प्रकार हैः-

   (क) **लिखित परीक्षा** - गणित, (09.30-11.00 बजे तक) और सामान्य ज्ञान (12.00-13.00 बजे तक) और अंग्रेजी (14.30-16.30 बजे तक) 07 जून 2026 (रविवार) को होगी।

   (ख) मौखिक परीक्षा - मौखिक परीक्षा की तारीख बाद में बताई जायेगी। मौखिक परीक्षा में परीक्षार्थी के बौद्धिक ज्ञान तथा व्यक्तित्व का परीक्षण किया जायेगा। मौखिक परीक्षा केवल उन्हीं उम्मीदवारों का होगा जो लिखित परीक्षा में पास होगें।

   (ग) **स्वास्थ्य परीक्षण-** मौखिक परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को चुने हुए सैनिक अस्पतालों में स्वास्थ्य परीक्षण करवाना होगा। जिन उम्मीदवारों का स्वास्थ्य ठीक पाया जाएगा केवल उन्हीं को राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज में प्रवेश के लिए चुने जाने पर विचार किया जाएगा। उम्मीदवारो का स्वास्थ्य परीक्षण चयन प्रणाली का एक अंग है। इसका अर्थ यह नहीं लगाना चाहिए कि उम्मीदवार को अंतिम रूप से चुन लिया गया है। उम्मीदवार को तब तक अंतिम रूप से चुन लिया गया नहीं समझना चाहिए, जब तक इस संबंध में प्रवेशाधिकार निर्देश जारी नहीं हो जाते है और उन्हें राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज,देहरादून में दाखिले के लिए चुने जाने की सूचना नहीं मिल जाती है।

(घ) केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के बच्चे लिखित परीक्षा एवं मौखिक परीक्षा संम्बधित कर्मचारी की पोस्टिंग राज्य या मूल अधिवास राज्य में दे सकते है। उनके अधिवास राज्य का निर्धारण उनके मूल अधिवास राज्य के अनुसार होगा एवं उनकी उम्मीदवारी भी उनके मूल अधिवास राज्य के अनुरूप होगी। आवेदन पत्र उसी राज्य में जमा करना अनिवार्य है जहाँ से उम्मीदवार परीक्षा देना चाहता है।

(ङ) मौखिक परीक्षा केवल उन्हीं उम्मीदवारों का होगा जो लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होंगे। इन उम्मीदवारों की सूची सभी राज्य सरकारों को राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज के द्वारा भेजी जाएगी।

(च) परीक्षा परिणाम आर.आई.एम.सी. की वेबसाईट https://rimc.edu.in में अपडेट होता है, जिसकी जांच करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की होगी।

6. **<u>परीक्षा केन्द्र</u>** - परीक्षा का केन्द्र म0प्र0 राज्य के लिए प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान भोपाल (पूर्व में शासकीय शिक्षा महाविद्यालय) पी.जी.बी.टी कैम्पस बैरसिया रोड, भोपाल पिन-462038 (फोन नं. 0755-2735228) होगा।

7. **<u>शुल्क</u>** वार्षिक शुल्क प्रथम वर्ष को छोड़ कर सामान्य जाति के उम्मीदवारो के लिए रूपये 98650/- एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए रूपये 81850/-होता है। शुल्क समय-समय पर बढ़ सकता है। प्रथम वर्ष के वार्षिक शुल्क का विवरण इस प्रकार है।

| क्रम संख्या | उम्मीदवार के प्रकार | वार्षिक शुल्क | जमानत राशि (प्रत्यर्पणीय) | कुल राशि | टिप्पणियाँ |
|---|---|---|---|---|---|
| (अ) | सामान्य जाति के उम्मीदवार | 98650/- | 50000/- | 148650/- | जमानत के रूप में 50,000/- रूपये जमा राशि कॉलेज की पढ़ाई पूरी होने के बाद वापस की जाती है। |
| (ब) | अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति श्रेणी के उम्मीदवार | 81850/- | 50000/- | 131850/- | जमानत के रूप में 50,000/- रूपये जमा राशि कॉलेज की पढ़ाई पूरी होने के बाद वापस की जाती है। |

8. **आवेदन पत्र-** आवेदन पत्र और विवरण-पत्रिका एवं पुराने प्रश्न पत्र राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, गढ़ी कैन्ट, देहरादून से प्राप्त कर सकते हैं:-

(क) **ऑनलाइन भुगतान के द्वाराः-** आवेदन पत्र और विवरण-पत्रिका एवं पुराने प्रश्न पत्र के एक सेट के लिए सामान्य जाति के उम्मीदवार रू.600/- एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के उम्मीदवार 555/-आर.आई.एम.सी. की वैबसाईट https://rimc.edu.in से ऑनलाईन भुगतान करके भी प्राप्त कर सकते है। (भुगतान प्राप्त होने के बाद, आवेदन पत्र और विवरण-पत्रिका एवं पुराने प्रष्न पत्र स्पीड पोस्ट से भेजे जायेंगे)।

या

ब) **डिमांड ड्राफ्ट द्वारा:-** आवेदन पत्र और विवरण पत्रिका एवं पुराने प्रश्न पत्र के एक सेट के लिए सामान्य जाति के उम्मीदवार रू. 600/- एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के उम्मीदवार 555/-का बैंक ड्राफ्ट **कमांडेंट, राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून** के नाम से भुगतान करके प्राप्त किया जा सकता है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के उम्मीदवार के लिए जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति भेजना अनिवार्य है। आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट से भेजा जायेगा। आवेदक अपना पत्र व्यवहार का पूरा पता अंकित/हस्तलिखित रूप से अंग्रेजी में, पोस्टल पिनकोड तथा फोन नंबर के साथ लिख कर भेजें। अपठनीय, अपूर्ण पता तथा डाक विलंब/नुकसान का उत्तरदायी राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून नहीं होगा।

**नोटः-**

- केवल राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कालेज से प्राप्त आवेदन-पत्र ही मान्य होगें। बाजार में मिलने वाले या फोटोकॉपी किए गए तथा बिना होलोग्राम (मुहर) के आवेदन पत्रों की मान्यता नहीं होगी।
- आवेदन शुल्क की वापसी किसी भी दशा में नहीं होगी।

9. **दस्तावेजः-** आवेदन पत्र (दो प्रतियों में) निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ जमा होगा:-

(क) जन्म प्रमाण-पत्र (नगर निगम, ग्राम पंचायत से)।

(ख) मूल-निवासी प्रमाण-पत्र।

(ग) अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति का प्रमाण-पत्र।

(घ) प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाणित वर्तमान कक्षा में अध्ययनरत का मूल रूप में फोटो सत्यापित किया हुआ प्रमाण पत्र।

(ड) आवेदन-पत्र के साथ उम्मीद्वार का आधार कार्ड जमा करना अनिवार्य है। जमा ना कर पाने पर उम्मीदवार का आवेदन-पत्र रद्द कर दिया जायेगा।

(च) दो पासपोर्ट आकार कि फोटो।

10. **अंतिम तिथि-** आवेदन पत्र 05 अप्रैल 2026 तक अथवा उसके पहले उस राज्य सरकार (जैसा की प्रेस नोट में उल्लेखित किया गया हो) तक पहुँच जाना चाहिए। जहां उम्मीद्वार के माता-पिता अथवा अभिभावक स्थाई रूप से रहते है। कृपया ध्यान दे कि आवेदन पत्र दो प्रतियों में भरकर मध्यप्रदेश राज्य के लिए प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान भोपाल (पूर्व में शासकीय शिक्षा महाविद्यालय) पी.जी.बी.टी. कैम्पस बैरसिया रोड़, भोपाल पिन-462038 के पास पहुँच जाने चाहिए। राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज देहरादून एवं राज्य शिक्षा केन्द्र को आवेदन पत्र न भेजे।

**(संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित)**

**(डॉ. अरूण सिंह)**
अपर संचालक
राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल